Title : Regarding Need to provide voting rights to the people from Pakistan, who settled in Jammu (J&K) after partition in 1947.

(viii) Need to provide voting rights to the people from Pakistan, who

settled in Jammu (J&K) after partition in 1947.

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर) : अध्यक्ष महोदय, देश का विभाजन 15 अगस्त, 1947 को हुआ। बहुत से हिन्दू पाकिस्तान को छोड़कर भारत में कई हिस्सों में आकर बसे, लाखों लोग जम्मू में आकर बस गये। 58 वर्ा बीत जाने के बावजूद भी आज तक इन लोगों को वोट देने का अधिकार नहीं है। आज तक इन लोगों के बच्चे जम्मू कश्मीर में चपरासी की नौकरी तक नहीं पा सकते और मेडिकल कालेज, इंजीनियरिंग कालेज में दाखिला तक नहीं ले सकते और न ही विधान सभा में वोट डाल सकते। यह मानव अधिकारों का उल्लंघन है। बहुत से लोग दलित हैं। अल्पसंख्यक वर्ग से हैं। इन सभी के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है।

अतः सरकार से आग्रह है कि इस संबंध में अविलम्ब आवश्यक कार्यवाही करने का कट करें।